# राजस्थान अनुसूचित जाति,जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. दौसा

**कमरा नं. – 213 कलेक्ट्रेट परिसर द्वितीय मंजिल, ☎–01427–224216 ई–dapmscdc@gmail.com**


क्रमांक :– 303–311

दिनांक :– 16.05.2016

विकास अधिकारी,
पंचायत समिति दौसा/बांदीकुई/लालसोट/सिकराय/महवा/लवाण
आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी
नगर परिषद दौसा/नगर पालिका लालसोट/बांदीकुई

C/C
18/5/16

विषय :– 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 के बैंकिंग एवं गैरबैंकिंग योजना के लक्ष्यो बावत।

प्रसंग:– शासन सचिव आयोजना (बीसूका) विभाग राजस्थान सरकार के पत्रांक अ.शा. टीप क्र.प. 1 (35)आयो./बीसूका/लक्ष्य/2016 दिनांक 28.04.2016 एवं कार्यालय जिला कलक्टर दौसा का पत्रांक मु.आ.अ./बीसूका/प्रगति/2016–17/1018–1039 दिनांक 05.05.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत शासन सचिव आयोजना (बीसूका) विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र मे दिये गये निर्देशानुसार बीस सूत्रीय कार्यक्रम के वर्ष 2016–17 के लिये सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार से जब तक लक्ष्य प्राप्त नही होते है तब तक बैंकिग एवं गैरबैंकिग योजनाओं के गत वर्ष के आवंटित लक्ष्यों मे 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुये बीस सूत्रीय कार्यक्रम का कियान्वयन जारी रखना है। आयोजना विभाग एवं राजस्थान अनुजा निगम मुख्यालय जयपुर से लक्ष्य आवंटित होने पर आपको सूचित कर दिया जावेगा।

| विवरण | बैंकिग योजना | गैरबैंकिग योजना | राष्ट्रीय निगम योजना | कुल |
|---|---|---|---|---|
| गत वर्ष 2015–16 के लक्ष्य | 190 | 84 | 40 | 314 |
| चालू वर्ष 2016–17 के लक्ष्य ( 10 प्रतिशत वृद्धि करते हुये) | 210 | 92 | 44 | 346 |

पंचायत समिति एवं नगर परिषद/नगर पालिकावार बीस सूत्रीय कार्यक्रम 2016–17 के आवंटित लक्ष्य :–

| विवरण | पं. स. दौसा | पं. सं. लालसोट | पं. स. महवा | पं. स. बांदीकुई | पं. स. सिकराय | पं. स. लवाण | न. प. दौसा | न.पा लालसोट | न.पा. बांदीकुई | कुल लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बैंकिंग योजना (एस.सी. पोप | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 | 10 | 10 | 10 | 210 |
| गैर बैंकिंग योजना | 16 | 16 | 15 | 15 | 15 | 15 | 0 | 0 | 0 | 92 |

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप लक्ष्यो को दृष्टिगत रखते हुये उनकी सामयिक प्रगति हेतु अपने स्तर सुनियोजित सुसंगठित एवं समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर बीस सूत्रीय कार्यकम के लक्ष्यो की शतप्रतिशत उपलब्धि हेतु प्रयास करेगें। समस्त विकासं अधिकारी एवं आयुक्त एवं अधिशाषी अधिकारी, आंवटित लक्ष्यो के विरूद्ध तीन गुना आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे, तथा इस बात को विशेष ध्यान रखे की आवेदन पत्र मय दस्तावेज को दो प्रतियों तैयार करावे जिसके साथ जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल सर्वे रिपोर्ट, आधार कार्ड, मूल निवास, परिचय पत्र, रू. 10 के स्टाम्प पर शपथ पत्र संलग्न हो। सभी आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजो सहित यह प्रमाणित करके भिजवावे के प्रार्थी का आवेदन फार्म पूर्ण नियमानुसार है तथा प्रार्थी ने पूर्व मे निगम योजना अन्तर्गत अनुदान राशि प्राप्त नही की है जो कि संबंधित कर्मचारी द्वारा जाँचा/प्रमाणित किया गया हैं।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

परियोजना प्रबन्धक,
राज. अनुजा निगम, दौसा

D:\e\RSCDC DAUSA WORK\K P Sharma\Office Work.doc

क्रमांक :– 312-13

दिनांक :– 13.5.16

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, दौसा को सूचनार्थ।
2. श्रीमान प्रबन्ध निदेशक महोदय, राज. अनुजा निगम मुख्यालय जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेत।

16/5/016

परियोजना प्रबन्धक,
राज. अनुजा निगम, दौसा

D:\e\RSCDC DAUSA WORK\K P Sharma\Office Work.doc

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, दौसा

**(राजस्थान अनुसूचित जाति,जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि.)**

क्रमांकः– /लक्ष्य/2016–17/ 505-513 दिनांक :– 23.06.2016

विकास अधिकारी
पं0 सं0 दौसा/लालसोट/बॉदीकुई/महवा/सिकराय/लवाण
आयुक्त न0 प0 दौसा/ अधिशाषी अधिकारी न0 पा0 लालसोट/बांदीकुई

विषयः– विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु भौतिक लक्ष्यों का आवंटन बाबत।

संदर्भः– प्रबंधक निदेशक राज0 अनुजा. निगम लि0 के पत्रांक एफ 33(1) लक्ष्य/कार्य योजना /2016–17/2295–2327 दिनांक 27.05.2016, पत्रांक एफ 33(3)अनुजा/ जनजाति स्व. योजना/टीएडी/2016–17 /2422–54 दिनांक 30.05.2016, पत्रांक एफ 3(10)आयोजना/सम्बल योजना/2016–17/2748–80 दिनांक 03.06.2016 एवं एफ 33( )आयोजना/दक्षता प्रशिक्षण/2016–17/2572–2604 दिनांक 31.05.2016

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के कम में राजस्थान अनुसूचित जाति/जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम द्वारा कियान्वित विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए बैंकिग एवं गैर बैंकिग योजनाओं के लक्ष्य प्रेषित किये जा रहे है। **लक्ष्यों की प्राप्ति बी. पी. एल. चयनित अथवा** ग्रामीण क्षेत्रों में 20000/– रूपयें तथा शहरी क्षेत्रों में 21400/– रूपये तक की आय वाले अनुसूचित जाति **परिवारों से की जानी है।** योजनाओं के लक्ष्यों का आवंटन निम्नानुसार आपको किया जा चुका है :–

**आवंटित लक्ष्य 2016–17**

| क्र. सं | योजना का नाम | कुल लक्ष्य | नगरपालिका का नाम | | | पंचायत समिति का नाम | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **बैंकिग योजना** | | दौसा | बांदीकुई | लालसोट | दौसा | लालसोट | बांदीकुई | सिकराय | महवा | लवाण |
| 1. | शहरी पोप | 249 | 137 | 52 | 60 | | | | | | |
| 2. | ग्रामीण पोप | 523 | | | | 110 | 100 | 76 | 70 | 92 | 75 |
| 3. | व्यक्तिगत पम्प सैट | 1 | | | | 1 | | | | | |
| 4. | आटो रिक्शा | 1 | | | | 1 | | | | | |
| 5. | उन्नत नस्ल गाय/भैंस | 69 | | | | 13 | 14 | 12 | 11 | 11 | 8 |
| | **योगः–** | **843** | **137** | **52** | **60** | **125** | **114** | **88** | **81** | **103** | **83** |
| 1. | **एसटी पोप** | **90** | **0** | **0** | **0** | **10** | **21** | **10** | **11** | **22** | **16** |
| | **गैर बैंकिग योजना** | | | | | | | | | | |
| 1. | कुप ब्लास्टिंग | 3 | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2. | कूप विद्युतीकरण | 55 | | | | 10 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |
| 3. | कार्यशाला | 165 | | | | 28 | 28 | 28 | 27 | 27 | 27 |
| 4. | कृषि यंत्र | 129 | | | | 22 | 22 | 22 | 21 | 21 | 21 |
| 5 | संबंल | 4 | | | | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 6. | दक्षता विकास प्रशिक्षण | 94 | | | | 16 | 16 | 16 | 16 | 15 | 15 |
| | **योग** | **450** | | | | **78** | **77** | **77** | **75** | **74** | **74** |
| | **महायोग** | **1383** | **137** | **52** | **60** | **213** | **212** | **175** | **167** | **199** | **173** |

लगातार .......2.....

अतः आप से अपेक्षा है कि आप लक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सामयिक प्रगति हेतु अपने स्तर से सुनियोजित सुसंगठित एवं समयबद्ध कार्ययोजना बना कर प्रगति हेतु प्रयास करे। योजनाओं की आपके स्तर से बनाई गई प्रभावी कार्ययोजना निगम कार्यालय मे उपलब्ध करावें, एवं योजना से संबंधित कर्मचारी को निर्देशित करे कि वे आवेदन पत्रों को पूर्ण जांचकर ही राज. अनुजा निगम, दौसा मे प्रेषित करे। उपरोक्त कार्ययोजना में माह फरवरी, 2017 तक शतप्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वित्तीय वर्ष 2016–17 के प्रथम त्रेमास में 20 प्रतिशत, द्वितीय त्रैमास मे 35 प्रतिशत, तृतीय त्रैमास मे 35 प्रतिशत एवं अन्तिम त्रैमास में 10 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर समस्त लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्ति फरवरी 2017 तक अर्जित करना सुनिश्चित कर वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाये। **समस्त विकास अधिकारी / आयुक्त न0 प0 / अधिशाषी अधिकारी 31.07.2016 तक आवंटित लक्ष्यों के विरूद्ध तीन गुणा आवेदन पत्र राज. अनुजा निगम दौसा में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।** तथा इस बात का विशेष ध्यान रखे की आवेदन प्रपत्र दो प्रतियों में तैयार करवायें जिसके साथ जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र अथवा बी.पी.एल. सर्वे रिपोर्ट, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र तथा इकरारनामा एवं शपथ पत्र की प्रति संलग्न हो एवं योजना से संबंधित कर्मचारी यह प्रमाणित कर भिजवाये, की आवेदन पूर्ण नियमानुसार है तथा प्रार्थी पूर्व में लाभान्वित नही हैं। योजना मे अनुदान की अधिकतम राशि इकाई लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 10,000 रूपये देय होगा (कृषियंत्र योजना को छोडकर)। **कार्यशाला** में अनुदान उलपब्ध कराते समय यह सुनिश्चित किया जावें कि निर्मित कार्यशाला निर्धारित आकार एवं उसकी लागत 20,000 रूपये से अधिक है। कार्यशाला का सत्यापन पंचायत समिति के अभियंता से करवाने के बाद ही अनुदान आनुपातिक रूप से ही दिया जावें। योजनाओं में 15 प्रतिशत महिलाओं तथा 5 प्रतिशत विकलागो को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। दक्षता **विकास प्रशिक्षण** योजनान्तर्गत पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर राज. अनुजा निगम, दौसा मे भिजवावे, ताकि चयन प्रक्रिया पूर्ण कर प्रशिक्षण दिया जा सकें। **सम्बल** योजनान्तर्गत चिन्हित संबल ग्राम का प्रस्ताव इस कार्यालय को दिसम्बर 2016 तक भिजवाये। **कृषि यंत्र** योजनान्तर्गत पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर कार्यालय को दिसम्बर 2016 तक भिजवावे। योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्रों में प्रत्येक माह की 3 तारीख तक निगम कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर,
दौसा

क्रमांकः– /लक्ष्य/2016–17/514–523 दिनांक :– 23.06.2016

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान अग्रणी जिला प्रबंधक यूको बैंक दौसा को भेजकर निवेदन है कि बैंकिग योजनाओ के लक्ष्यों को बैंक शाखा वाईज पूर्ण करवाने की कार्यवाही करे।
2. विकास अधिकारी/दौसा/बांदीकुई/सिकराय/महवा/लालसोट एवं लवाण को लक्ष्यानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. आयुक्त न0प0 दौसा/ अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बांदीकुई/लालसोट को लक्ष्यानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।

परियोजना प्रबंधक
राज.अनुजा.निगम दौसा